JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

Since 1974

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

मई - जून 2023

## सर्वश्रेष्ठ...

jas
connect to source

## ज्वैलरी एमीनेंस अवार्ड्स

JEA Jewellery Eminence Awards





जानकारी नए जैमस्टोन्स की
**रशियन एमरल्ड्स**

रत्नों का वैदिक ज्योतिष से संबंध
अंशुल अग्रवाल

**डिज़ाइन स्पीक**
इंडस्ट्री का नया टैलेंट


C.I. Bogotá Emerald Mart S.A.S.
Miner and Exporter of Colombian Emeralds.
All qualities, cut and rough.
Av. Jiménez No. 5-43 Of. 801 Bogotá - Colombia
Tels: (571) 342 0966 - 342 0015 - 342 2860
www.bem.com.co - bem@bem.com.co - benny@bem.com.co
BENNY
www.bem.com.co
2021 -5781
ICA
MEMBER
Benny Bazalel
+57 310 219 5000
Jonny Bazalel
+57 313 294 0430
Shareholder of:
Empavas Mine in Muzo/Quipama
Calceteros and Buenos Aires Mine in Coscuez

JEWELLERS
ASSOCIATION
JAIPUR

Since 1974

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

मई - जून 2023 | Volume XXXXI No. 3

Regd. with R.N.I. No. 26126/74



कवर इमेज क्रेडिट:
जस जेईऐ विजेता
रानीवाला 1881 ज्वैलर्स

- धर्मकांटा
- जैम बोर्स
- जैम वर्ल्ड
- ज्वैलर्स असोसिएशन शो (JAS)
  **द प्रीमियम बी2बी शो**
- ज्वैलर्स असोसिएशन जैम स्टोन शो (JAGS)
- जनोपयोगी भवन
- प्याऊ

## वि ष य - सू ची

15 **सर्वश्रेष्ठ...**

jas connect to source

20 **ज्वैलरी एमीनेंस अवार्ड्स**

JEA Jewellery Eminence Awards












25






**ग्लोबल फेयर अपडेट्स**

28 **JCK**
द लास वेगास ज्वैलरी शो




**संपादक और डिजाइन**
**Splashierz Design**
**+91 77427 25334**

**प्रकाशन**
ज्वैलर्स असोसिएशन
जौहरी बाजार, जयपुर 302 003 (भारत)
टे: +91 141 4034112-13
फे : +91 141 2560125
ई: gemworld@jajaipur.com
वेब: www.jajaipur.com

**विज्ञापन, टैरिफ या अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**
**टे: +91 141 4034112-13**
**मो: +91 72299 54040 | +91 99502 11331**
**ई: gemworld@jajaipur.com**

डिस्क्लेमर
पत्रिका में विभिन्न लेखों में दिए गए विचार लेखकों के हैं, इनमे किसी भी प्रकार की त्रुटियों के लिए ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर का कोई दायित्व नहीं होगा।

## KNOWLEDGE SHARING

32 राजस्थान की थेवा कला

36 रत्नों का वैदिक ज्योतिष से संबंध

38 एमेथिस्ट (कटहला)

39 एमेथिस्ट पर डाकटिकटों का शानदार संग्रह



**30 ट्रेड टॉक**

राशि रत्न में विश्वसनीय नाम
**बिहारीलाल होलाराम**

**34 पुणे कनेक्शन**

डिजाइन और रेंज के लिए
विख्यात - **राठौड़ ज्वैलर्स**

**41 ट्रेंडी अफेयर्स**

ज्वैलरी डिज़ाइन
के नए ट्रेंड्स



41



44

**52 जानकारी नए जैमस्टोन्स की**

परिप्रेक्ष्य और चुनौतियां
**रशियन एमरल्ड्स**

38





39

**56**
**डिज़ाइनर्स' कॉलम**

आर्च कॉलेज ऑफ़
डिज़ाइन एंड बिज़नेस



56

57



**इंसाइडरटॉक**

59 'सिब्जो कांग्रेस 2023' का
जयपुर में आयोजन

60 आईआईजीजे
सम्मानित हुई प्रतिभाएं

**61 नीलामी एवं प्रदर्शनियां**

जैमफील्ड्स: काजेम एमरल्ड ऑक्शन

**62 ज्वैलर्स असोसिएशन
सूचना एवं समाचार**

वाणिज्य और उद्योग मंत्री के साथ
महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा एवं संवाद

# PRECITONE CO. LTD

COLOUR STONES

www.precitone.com

202-208, Sithikorn Bldg, Room 404, 4th Floor,
Mahesak Soi -2, Bangkok-10500 (Thailand)
Tel: +668 1801 1295
Email: anu@precitone.com




JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# जैम वर्ल्ड 2022-24

## सलाहकार मंडल



डी.पी. खण्ड़ेलवाल
अध्यक्ष



आलोक सौंखिया
उपाध्यक्ष



नीरज लुणावत
मानद् मंत्री,
संयोजक, जैम वर्ल्ड पत्रिका



अभिषेक सांड
सदस्य



अदित बरड़िया
सदस्य



महेश खण्ड़ेलवाल
सदस्य



नरेश अगरोया
सदस्य



शिरीष अग्रवाल
सदस्य



सुधीर ठोलिया
सदस्य

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# कार्यकारी समिति
## सत्र 2022-2024



डी.पी. खण्ड़ेलवाल
अध्यक्ष



आलोक सौंखिया
उपाध्यक्ष



नीरज लुणावत
मानद् मंत्री



राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
संयुक्त सचिव



गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
कोषाध्यक्ष



अभिषेक जैन
सदस्य



अभिषेक सांड
सदस्य



अजय गोधा
सदस्य



अशोक माहेश्वरी
सदस्य



बिट्ठल दास माहेश्वरी
सदस्य



महावीर कुमार डागा
सदस्य



नरेन्द्र लक्खी
सदस्य



निर्मल कुमार बरड़िया
सदस्य



पंकज सौंखिया
सदस्य



प्रदीप मेहता
सदस्य



रामशरण गुप्ता
सदस्य



सुनील मनिहार
सदस्य



विजय केड़िया
सदस्य

# उप-समितियां
# सत्र 2022-2024

**सभी उप-समितियों में अध्यक्ष डी.पी. खण्ड़ेलवाल एवं मानद् मंत्री नीरज लुणावत पदेन सदस्य होंगे।**

### जैम वर्ल्ड सलाहकार मंडल

**मानद मंत्री एवं संयोजक**
नीरज लुणावत
**सदस्य**
अभिषेक सांड
अदित बरड़िया
आलोक सौंखिया
महेश खण्ड़ेलवाल
नरेश अगरोया
शिरीष अग्रवाल
सुधीर ठोलिया

### वित्त संग्रह

**संयोजक**
रामशरण गुप्ता
**सदस्य**
जुगल किशोर डेरेवाला
निर्मल कुमार बरड़िया
राजेन्द्र साबू
संजय काला
श्याम सुन्दर खटोरिया
विजय केड़िया

### धर्मकांटा

**संयोजक**
पंकज सौंखिया
**सदस्य**
भारत भूषण गुप्ता
किरण शाह
मनीष अग्रवाल
मोहम्मद अंसार
मुरली गोपाल झालानी
नीरज सौंखिया
निमीश खण्ड़ेलवाल
रोहिताश सौंखिया
श्रीराम विजय

### विधान संशोधन

**संयोजक**
विजय केड़िया
**सदस्य**
अरुण कुमार गोखरू
निर्मल कुमार बरड़िया
श्याम सुन्दर खटोरिया

### कर, विधि, आयात-निर्यात संवर्धन एवं कस्टम

**संयोजक**
विजय केड़िया
**सदस्य**
मनोज धांधिया
संजय काला
सुनील जैन (एमसीपीएल)
योगेश खटोरिया

### पंच फैसला

**संयोजक**
निर्मल कुमार बरड़िया
**सदस्य**
राजेश धामानी
राम शरण गुप्ता
संजय काला
विजय केड़िया

### रत्न दलाल

**संयोजक**
सुनील मनिहार
**सदस्य**
गौरव फोफलिया
ललित कुमार जैन (चपलावत)
महेश गुप्ता
मज़ीद भाई घोड़ेवाला
नवल बिहारी गुप्ता
प्रमोद कोटावाला
प्रीतम कोठारी
रोहित धांधिया
सत्य नारायण मालपानी
शिरीष अग्रवाल
सुमेर मल लोढ़ा
सुरेश मूथा
वेनी प्रसाद गुप्ता
विनीत अग्रवाल

### सेमिनार

**संयोजक**
गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
**सदस्य**
नरेश अगरोया
रुपेश ताम्बी
संदीप जैन
सुधीर ठोलिया

### जनोपयोगी भवन
**संयोजक**
महावीर कुमार डागा
**सदस्य**
अभिषेक सांड
आलोक सौंखिया
अमित जैन
दीपक मित्तल
गौतम पंसारी
किशन मूंदड़ा
नील कंठ भंडारी
राजेश डागा
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
संदीप गुप्ता
संजय डागा
वेनी प्रसाद गुप्ता

### डिजिटाइजेशन/IT/Social Media
**संयोजक**
अभिषेक सांड
**सदस्य**
आलोक सौंखिया
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला

### ट्रेड रेगुलेटरी (टी.आर.सी)
**संयोजक**
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
**सदस्य**
अशोक कुमार गुप्ता (मुन्ना सौंखिया)
संजय काला
सुनील मनिहार
विजय केड़िया

### बी2बी शो (JAGS)
**संयोजक**
अभिषेक सांड
**सदस्य**
अब्दुल शकूर लाली
आलोक सौंखिया
आनन्द राव
आशीष बंग माहेश्वरी
आशीष सिंघवी
धर्मेन्द्र चौपड़ा
घनश्याम साहू
केतन मुंशी
कृष्ण बल्लभ नाटाणी
महावीर कुमार डागा
नील कंठ भंडारी
प्रमोद कोटावाला
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला

### शोध, विकास एवं मैन्यूफेक्चरिंग
**संयोजक**
प्रदीप मेहता

### सदस्यता प्रपत्र जांच
**संयोजक**
डी.पी. खण्लडेलवाल
**सदस्य**
आलोक सौंखिया
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
विजय केड़िया

### व्यापारिक सुरक्षा
**संयोजक**
नरेन्द्र लक्खी
**सदस्य**
अनिल कुमार गोधिया
गणेश राजपाल
हरीश केड़िया
कपिल कालरा
पंकज सौंखिया

### परिचय-पत्र, प्रमाणपत्र एवं डाइरेक्ट्री
**संयोजक**
अजय गोधा
**सदस्य**
आलोक सौंखिया
अनिल भूतड़ा
अब्दुल शकूर लाली
चाणक्य शर्मा
धर्मेन्द्र चौपड़ा
गौरव जैन
हरीश भुखमारिया
कमल जिन्दल
महेन्द्र जैन
महेश गुप्ता
मनोज गंगवाल
पारस ठोलिया
शरद गोयल
सुधीर ठोलिया
सुनील नाहर
विष्णु खण्ड़ेलवाल

### ज्वैलर्स असोसिएशन एम्प्लॉयमेंट ड्राइव
**संयोजक**
अशोक माहेश्वरी

### के वाई सी
**संयोजक**
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
**सदस्य**
अदित बरड़िया
आलोक सौंखिया
अनुपम लोढ़ा
अरुण कुमार गोखरू
प्रवीन मेहता
राहुल कोठारी

### सामाजिक सरोकार

**संयोजक**

राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला

**सदस्य**

अभिषेक सांड
आकाश अग्रवाल
आलोक सौंखिया
बृज किशोर अग्रवाल
धर्मेन्द्र चौपड़ा
कृष्ण कुमार अग्रवाल
मदन मोहन विजय
महावीर कुमार डागा
नरेन्द्र लक्खी
नीलेश कुमार छाजेड
नीरज खण्डेलवाल
पंकज सौंखिया
प्रमोद बाणवाला
राजेश डागा
राजेश कटारिया
राम सहाय माहेश्वरी (मांधना)
रामशरण गुप्ता
सुधांशु रावत
विमल गुप्ता (जिन्दल)

### ज्वैलर्स असोसिएशन, जौहरी बाजार भवन रख-रखाव

**संयोजक**

पंकज सौंखिया

**सदस्य**

अब्दुल शकूर लाली
आकाश अग्रवाल
आलोक कुमार सिंह
चर्चिल पटेल
दीपक गुप्ता
दिलीप पंजाबी
किशन मूंदडा
कोमल जैन
कृष्ण कुमार अग्रवाल
मनीष कोठारी
रोहिताश सौंखिया
शरद गोयल
शैलेश कुमार मेहता
तारक नाथ मिश्रा
विनोद कुमार भुखमारिया
विशाल मालपानी

### यंग एन्ट्रीप्रिन्योर

**संयोजक**

अभिषेक जैन

**सदस्य**

अखिल गोयल
गिरजा शंकर शर्मा
निखिल गुप्ता
विनोद कुमार भुखमारिया
योगेश कुमार साहू

### ज्वैलर्स असोसिएशन शो (JAS)

**संयोजक**

अशोक माहेश्वरी

**सह संयोजक**

अजय गोधा
नरेश अगरोया

**सदस्य**

अभिषेक जैन
अभिषेक सांड
आलोक सौंखिया
अनिल ताम्बी
अरूण गोखरू
बजरंग बाहेती
बिट्ठल दास माहेश्वरी
दीपक साहू
गौरव जैन
गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
जितेन्द्र सिंह शेखावत
कमल जिंदल
कृष्ण कुमार अग्रवाल
महावीर कुमार डागा
महेन्द्र लुहाड़िया
महेश खण्ड़ेलवाल
मुकेश विजय
नरेन्द्र लक्खी
निर्मल कुमार बरड़िया
नितिन गिलारा
पंकज सौंखिया
प्रदीप मेहता
राघव खण्ड़ेलवाल
राजेश डागा
राजेश धामाणी
राजेश नाहर
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
रामशरण गुप्ता
रूपेश ताम्बी
संचित टाटीवाला
संजय काला
शुभांग मित्तल
सुधीर ठोलिया
सुनील बटवाड़ा
सुनील कुमार गुप्ता
सुनील मनिहार
सुरेश ढढ्ढा
विजय केड़िया
यशेष ताम्बी

GEMFIELDS



Responsibly sourced Zambian emeralds and Mozambican rubies.
Championing transparency and trust in the coloured gemstone industry.

GEMFIELDS.COM


Jaipur Gem
One Stop Shop For All Your Gemstone Needs
EMERALD
TANZANITE
AQUAMARINE
PINK TOURMALINE
PEACH MORGANITE
RUBELLITE
TSAVORITE
AMETHYST
RUBY
BLUE TOPAZ
PINK MORGANITE
YELLOW BERYL
Scan and Shop from India's
Biggest Online Gemstone Portal
WWW.JAIPURGEM.COM
2135-36,Lunawat House,Haldiyon Ka Rasta
Johari Bazar, Jaipur,302003(Raj.)India
Phone No: +91-141-257-1401,+91-141-2571402
Email: contact@jaipurgem.com

www.valentinejaipur.com
/valentinejaipur

valentine™
JAIPUR



VALENTINE JEWELLERY INDIA PVT LTD
order@valentinejewelleryindia.com
+91-7412077885

ADDRESS
G1-15,16 Gem & Jewellery Zone, EPIP,
Sitapura Jaipur-302022 INDIA

VALENTINE JADAU
val.jadau@gmail.com
+91-7412077880





Tanzanite | Opal | Paraiba | Rubellite | Swiss Blue Topaz



Tourmaline | Bi-color | Green Tourmaline | Aquamarine | Morganite




Certifed Member of Responsible Jewellery Council

**Corporate Office**
RMC Gems India Ltd.
24, Bardiya Colony, Museum Road,
Jaipur 302004 India
Tel: 91-141-2533050,2533092
Email: rmc@rmcgems.in

RMC
www.rmcgems.in

**SEZ Factory**
RMC Gems India Ltd.
G1-18 & 19, SEZ Phase 1, Sitapura Industrial Area,
Tonk Road, Jaipur 302022 India
Tel: 91-141-2770687 Fax: 91-141-2770669
Email: rmc@rmcgems.in


JEA WINNER: KIRTILAL KALIDAS JEWELLERS

# सर्वश्रेष्ठ... jas

connect to source

THE PREMIUM B2B SHOW




**जस शुभारंभ समारोह में ज्वैलर्स असोसिएशन के सदस्य, मुख्य अतिथि तथा अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ**

जस' 2023 शो 7-9 जुलाई के बीच जयपुर की ज्वैलर्स असोसिएशन द्वारा आयोजित यह प्रीमियम बी 2 बी शो रिटेलर्स और उत्पादकों के लिए एक उत्कृष्ट प्लेटफार्म साबित हुआ है। देश भर तथा दुनिया के अनेक देशों से आए ज्वैलरी व जैमस्टोन खरीददारों के लिए यह शो बेहतर कारोबारी अवसर देने वाला रहा। शो का शुभारंभ राजकुमारी दीया कुमारी (सांसद, राजसमंद) ने किया, उनकी मौजूदगी से शो की समृद्धि को एक नया आयाम मिला। वे परंपरा, कला, संस्कृति और उद्यमिता को सदैव ही प्रोत्साहित करती हैं, इसलिए भी उनकी उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

शो की थीम 'कनेक्ट टू सोर्स' थी, जो बहुत मायने में इन्नोवेटिव व क्रिएटिव थी। शो में लग्ज़ूरियस ज्वैलरी डिजाइंस और बेहतरीन ज्वैलरी ट्रेंड्स देखने को मिले। शो में जयपुर व पूरे देश से प्रीमियम एग्जीबिटर्स और देश से ही नहीं विदेश से भी

बायर्स आए थे। जैमस्टोंस, डायमंड, जैमस्टोन ज्वैलरी, गोल्ड ज्वैलरी तथा कुंदन-मीना जड़ाऊ ज्वैलरी का बड़ा कलेक्शन इस आयोजन में देखने को मिला।

शो के दूसरे दिन ज्वैलरी एमीनेंस अवार्ड (JEA' 23) सेरेमनी का आयोजन किया गया। तीन दिन के शो में देशी-विदेशी एग्जीबिटर्स एंड बायर्स को आपस में बड़ी बिज़नेस डील्स करने के अवसर मिले। नए ट्रेंड्स को समझने-जानने का अवसर मिला। देश के उत्पादकों के लिए ग्लोबल बायर्स से मिलकर कारोबारी विस्तार करने का यह मौका काफी महत्वपूर्ण रहा।

जस-2023 विश्व के प्रमुख बी 2 बी शो के रूप में स्थापित हुआ है और इसने कारोबारियों-उद्यमियों को सम्पूर्ण अवसर दिए हैं। टीम जस की ओर से इवेंट्स के प्रीमियम स्पोंसर जैमफील्ड्स तथा को-स्पोंसर्स जीजेईपीसी इंडिया तथा सिक्योर ग्लोबल लॉजिस्टिक्स का आभार जताया गया।





**राजकुमारी दीयाकुमारी**
मुख्य अतिथि
सांसद, राजसमंद

भारत और जयपुर जैमस्टोंस, ज्वैलरी और कारीगरी के लिए जाने जाते हैं, इन सभी का शानदार डिस्प्ले यहाँ देखने को मिला। यह बहुत सुंदर तरीक़े से आयोजित शो था, जिसके लिए आयोजक टीम को बधाई तथा शो के सभी भागीदारों के लिए शुभकामनाएं।



**द्वारका प्रसाद खण्डेलवाल**
अध्यक्ष, ज्वैलर्स असोसिएशन

द ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर द्वारा आयोजित प्रीमियम बी 2 बी शो जस-2023 मे पधारे सभी एग्जीबिटर्स एवं बायर्स का द सिटी आफ जैमस्टोन "जयपुर" ने भाव-भीना स्वागत किया। इस शो में एग्जीबिटर्स और ग्राहकों के बीच न केवल अच्छा कारोबारी संवाद हुआ, बल्कि आपसी नेटवर्किंग भी बढ़ी।



**आलोक सौंखिया**
उपाध्यक्ष, ज्वैलर्स असोसिएशन

जस-2023 के इस आयोजन मे रंगीन रत्नों के प्रति काफी दिलचस्पी देखी गई। जयपुर के रंगीन रत्नों एवं आभूषणों को देशभर से आये बायर्स ने बहुत पसंद किया। जस अब एक प्रभावी बी 2 बी ब्रांड बन गया है और रत्नाभूषण व्यवसाय के विकास में मील का पत्थर साबित हो रहा है।



JEA WINNER: KIRTILAL KALIDAS JEWELLERS PVT. LTD.



JEA WINNER: T J IMPEX



JEA WINNER: T J IMPEX, MUMBAI



JEA WINNER: OPH JEWELLERS



JEA WINNER: TARA FINE JEWELS, MUMBAI



## नीरज लुणावत

मानद् मंत्री, ज्वैलर्स असोसिएशन

जस-2023 मे 130 एग्जीबिटर्स की भागीदारी रही। 'कनेक्ट टू सोर्स' थीम पर आयोजित इस शो का लाभ एग्जीबिटर्स और बायर्स दोनों को मिला। यह शो बेहतरीन क्वालिटी और शानदार डिजाइन का संगम है। शो में बायर्स ने जैसा रेस्पॉन्स दिखाया, उससे संकेत मिलता है कि आने वाला सीजन कारोबारी लिहाज़ से बहुत प्रभावी रहेगा।





## राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला

संयुक्त सचिव, ज्वैलर्स असोसिएशन

रत्नाभूषण कारोबारियों के लिए जस-2023 द प्रीमियम बी 2 बी शो जैमस्टोन, कुंदन-पोल्की व डायमंड ज्वैलरी के कारोबार का बड़ा प्वॉइंट बन गया है। एग्जीबिटर्स को जहां अच्छे कारोबारी कमिटमेंट मिले हैं तो वहां बायर्स भी एक ही जगह इतनी सारी वैरायटी व डिजाइन पाकर खुश नजर आए।



## गोविंद प्रकाश अग्रवाल

कोषाध्यक्ष, ज्वैलर्स असोसिएशन

अंतर्राष्ट्रीय बायर्स की उपस्थिति हमारे लिए उत्साहवर्धक रही। महत्वपूर्ण है कि इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है, इनके आने और व्यवसाय में दिलचस्पी दिखाने से जयपुर ग्लोबल लेवल पर जैमस्टोन व ज्वैलरी का बड़ा कारोबारी केंद्र बन गया है।



JEA WINNER: ACHAL JEWELS





JEA WINNER: SHIV NARAYAN JEWELLERS





“

**अशोक माहेश्वरी**

संयोजक, जस

जस-2023 मे जिसने भी बायर्स व एग्जीबिटर्स के तौर पर भाग लिया, सभी बहुत खुश नजर आए, यह इस शो की एक बड़ी सफलता है। वैरायटी व क्वालिटी ऑफ़ प्रोडक्ट्स के लिए यह शो भरोसेमंद डेस्टिनेशन हो गया है। बायर्स व विजिटर्स की तरफ से एग्जीबिटर्स को बहुत अच्छा रेस्पांस मिला। यह इस बात का संकेत हैं कि आगे इस शो का आकार एवं इसके जरिए कारोबार और बढ़ेगा।







“

**अजय गोधा**

सह संयोजक, जस

शो में जितने बायर्स व विजिटर्स आये, वे इस बात को लेकर खुश थे कि उन्हें विभिन्न तरह की वैरायटी देखने को मिली। एक बायर के लिए शो की संपूर्णता इस बात मे होती है कि वहाँ उसे बहुत तरह के कट्स, कलर्स और शेप्स मे जैमस्टोंस तथा नई डिजाइन की ज्वैलरी मिले और इस शो में उसे यह सब एक साथ मिला।



“

**नरेश अगरोया**

संयोजक, सोशल मीडिया, जस

आयोजक के रूप में हमने अपना बेस्ट देने की कोशिश की और हमें खुशी है कि एग्जीबिटर्स को बायर्स से अच्छा रेस्पॉन्स मिला और जस-2023 मे वे अच्छा कारोबार करने में कामयाब रहे। शो को चूंकि एग्जीबिटर्स व बायर्स दोनों ने काफी सराहा और यह सराहना ही हमारे लिए सबसे बड़ा रिवार्ड है।







## विशिष्ट अतिथियों ने कहा



**प्रमोद अग्रवाल (डेरेवाला)**
अध्यक्ष, नेशनल जैम्स एंड ज्वैलरी कौंसिल ऑफ़ इंडिया

जस एक बहुत महत्वपूर्ण बी 2 बी शो है और मैंने देखा है कुछ वर्षों से इसका स्वरूप बदला है और निखार आया है। जस मे सर्वोत्कृष्ट जैमस्टोंस व ज्वैलरी देखने को मिलती है और इससे पता चलता है कि यह इंडस्ट्री कितना आगे बढ़ गई है। इस इंडस्ट्री के आगे बढ़ने के साथ रोजगार के नये अवसर भी बहुत बढ़ रहे हैं।



**राज मेहतानी**
राज मेहतानी कुटूर ज्वैल्स, कोलकाता

जस-2023 एक शानदार बी 2 बी कनेक्ट शो है। मैं यहाँ जैमस्टोंस की खरीद के लिए आता हूँ, ताकि मेरे यहाँ जो क्रिएशन होता है उसकी जरूरत के अनुसार खरीद कर सकूँ, पर यहाँ की जड़ाऊ ज्वैलरी का काम जब दिखता है तो मन को बहुत लुभाता है। इससे प्रेरित होकर मैं भी पारंपरिक ज्वैलरी बनाने में दिलचस्पी बढ़ाने लगा हूँ।



**सैयम मेहरा**
अध्यक्ष, जीजेसी

मुझे यहां आकर सच में बहुत अच्छा लगा। बेहतरीन क्वालिटी के जैमस्टोंस तथा उत्कृष्ट कारीगरी वाली जैमस्टोन ज्वैलरी देखने को मिली। महत्वपूर्ण यह है कि यह शो अब अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप हो गया है। इस शो के लिए मैं सदैव उत्सुक रहता हूँ और आगे भी मैं यहाँ आता रहूंगा।



**पवन भिवानी वाले**
प्यारे लाल जगन्नाथ सराफ, दिल्ली

जिस गति से जस जयपुर की जैम-ज्वैलरी इंडस्ट्री को प्रमोट कर रहा है, उसे देखते हुए अब यह आयोजन किसी परिचय का मोहताज नहीं है। जस व जयपुर की दो विशेषताएं हैं, पहली क्वालिटी व वैरायटी तथा दूसरी एथिकल बिज़नेस प्रैक्टिसेज़। शो को देखकर मुझे बहुत खुशी होती है। मेरी ओर से जस की पूरी टीम को उनके कमिटमेंट तथा बेहतरीन प्रयासों के लिए बधाईयां।



**दीपक पंजाबी**
टीटी जैम्स, मुंबई

मैं इस शो में करीब 15 सालों से विजिट कर रहा हूँ। बी 2 बी शो के रूप में इसका ट्रांसफार्मेशन निश्चित रूप से बड़ी बात है और इसका नतीजा भी सामने है। इस बार 125 से अधिक एग्जीबिटर्स ने बेहतरीन जैमस्टोंस-ज्वैलरी तथा उत्कृष्ट कारीगरी का डिस्प्ले किया। कटिंग, पालिशिंग व ज्वैलरी मेकिंग की कारीगरी सच में देखते ही बनती है।



# ज्वैलरी एमीनेंस अवार्ड्स

ज्वैलरी एमीनेंस अवार्ड्स ने जस-2023 मे चार-चांद लगाए। शो के दूसरे दिन ज्वैलरी इंडस्ट्री के विभिन्न श्रेणियों के लिए ये अवार्ड दिए गए। फिल्म अभिनेत्री आरती छाबड़िया इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थी और पूर्व मिस इंडिया सिमरन आहूजा ने 'द गाला नाईट' का संचालन किया।
जेईए'23 की विजेता सूची निम्न हैं :




1. मैन्स ज्वैलरी ऑफ़ द ईयर
**- कीर्ति लाल कालिदास ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड, कोयंबटूर**
2. असेसरी ज्वैलरी ऑफ़ द ईयर
**- शिव नारायण ज्वैलर्स प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद**
3. पोल्की रिंग ऑफ़ द ईयर
**- हाऊस ऑफ़ स्पर्श, मुंबई**
4. कलर्ड जैमस्टोन/डायमंड रिंग ऑफ़ द ईयर
**- टी जे इंटेक्स, मुंबई**
5. जैमफील्ड्स रूबी/एमरल्ड्स रिंग ऑफ़ द ईयर
**- संस्कृति ज्वैल्स, मुंबई**
6. पोल्की बैंगल्स/ब्रेसलेट ऑफ़ द ईयर
**- मां सती ज्वैल्स, जयपुर**
7. कलर्ड जैमस्टोन/डायमंड बैंगल्स/ब्रेसलेट ऑफ़ द ईयर
**- ओपीएच ज्वैलर्स, मुंबई**
8. जैमफील्ड्स रूबी/एमरल्ड्स बैंगल्स/ब्रेसलेट ऑफ़ द ईयर
**- ऑसम स्पार्कलर्स, सूरत**
9. पोल्की इयररिंग्स ऑफ़ द ईयर
**- गीता श्याम ज्वैलर्स प्राईवेट लिमिटेड, जयपुर**
10. कलर्ड जैमस्टोन/डायमंड ईयररिंग्स ऑफ़ द ईयर
**- तारा फाईन ज्वैल्स, मुंबई**
11. जैमफील्ड्स रूबी/एमरल्ड्स इयररिंग्स ऑफ़ द ईयर
**- कीर्ति लाल कालिदास ज्वैलर्स, कोयंबटूर**
12. पोल्की नेकलेस ऑफ़ द ईयर
(5 लाख रुपए से कम)
**- अचल ज्वैल्स, जयपुर**
13. पोल्की नेकलेस ऑफ़ द ईयर
( 5 लाख रुपए से अधिक)
**- द हाऊस ऑफ़ रामभजो, जयपुर**
14. कलर्ड जैमस्टोन/डायमंड नेकलेस ऑफ़ द ईयर
( 5 लाख रुपए से कम)
**- रानीवाला ज्वैलर्स, जयपुर**
15. कलर्ड जैमस्टोन/डायमंड नेकलेस ऑफ़ द ईयर
(5 लाख रुपए से अधिक)
**- ओ पी एच ज्वैलर्स, मुंबई**
16. जैमफील्ड्स रूबी/एमरल्ड्स नेकलेस ऑफ़ द ईयर
( 5 लाख रुपए से कम)
**- अचल ज्वैल्स, जयपुर**
17. जैमफील्ड्स रूबी/एमरल्ड्स नेकलेस ऑफ़ द ईयर
( 5 लाख रुपए से अधिक)
**- टी जे इंपेक्स, मुंबई तथा तारा फाईन ज्वैल्स, मुंबई**
18. पोल्की ब्राइडल ज्वैलरी ऑफ़ द ईयर
**- गीता श्याम ज्वैलर्स, जयपुर**
19. स्टूडेंट डिजाईनर ऑफ़ द ईयर
**- जतिन एस जैन, बेंगलुरु**
20. प्रोफेशनल डिजाइनर ऑफ़ द ईयर
**- दिव्या बंजारे, मुंबई**










## अवार्ड सेरेमनी नाईट के बेशकीमती पल जो कैमरे में हुए कैद













# ब्लॉगर्स@जस

## प्रेरणा माखरिया





मल्टी स्टाइलिश जड़ाऊ चोकर नेकलेस, जो देखने को मिला अनूपचंद त्रिलोकचंद ज्वैलर्स के यहाँ।

*प्रेरणा माखरिया, भारत की पहली ज्वैलरी इंफ्लुएंसर, जिनके इंस्टाग्राम पर 168,000 से अधिक फॉलोअर्स हैं जैम्स एंड ज्वैलरी फील्ड में दो दशक से सक्रिय हैं। उन्होंने जस शो का विजिट किया और जो देखा लिखा वह यहां प्रस्तुत है...*



तंजेनाइट और एमरल्ड्स का क्लासी कॉम्बिनेशन यह नेकलेस जतिन जैम्स के यहाँ आकर्षण का केंद्र रहा।



हाऊस ऑफ़ उमराव के यहाँ हस्त निर्मित पोल्की का स्ट्रिंग सैट जिसमें पन्ने की जड़ाई बहुत अद्भुत दिखी।



एमरल्ड चोकर तथा इयररिंग्स सैट जो प्रदर्शित किया गया हाऊस ऑफ़ रामभजो के यहाँ।

जस के साथ मेरा अनुभव इस बार भी उतना ही शानदार रहा, जितना पहले था। शो आयोजन के लिए यह परफेक्ट टाइमिंग रहा। अगले कुछ महीनों में त्यौंहारी तथा शादी-विवाह का सीजन शुरू हो रहा है, उसके ठीक पहले जस शो ने रिटेलर्स को मौका दिया है अपने आर्डर बुक कराने का। जयपुर जैम एंड ज्वैलरी का देश में बड़ा हब है, साथ ही दुनिया के अनेक देशों से बायर्स यहाँ आते हैं। जस-2023 का आयोजन बेहतरीन एवं योजनाबद्ध तरीके से रहा। बूथ का सैट-अप हो या लाउंज अरेंजमेंट सब परफेक्ट था। लॉजिस्टिक, अतिथि-सत्कार, प्रवेश व निकासी सब नायाब रहा। यह शो बिज़नेस व नेटवर्किंग के लिए बेहतरीन आयोजन था।

जयपुर को एमरल्ड सिटी के नाम से जाना जाता है। इस बार एमरल्ड जड़ित आभूषण बहुतायत में देखने को मिले, तो साथ ही कैलिब्रेटेड एमरल्ड्स भी। हल्के वजन वाली नियमित पहनी जा सकने वाली ज्वैलरी से लेकर हैवी ब्राइडल सैट तक बहुत कुछ इस शो में देखने को मिला। विभिन्न प्रकार की ज्वैलरी तथा जैमस्टोंस की अनेक वैरायटी ने इस शो को निखार दिया।

# ब्लॉगर्स@जस

## रेणु चौधरी



*रेनू चौधरी को जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री में 'डायमंड टॉक' के नाम से जाना जाता है। ये जैम एंड ज्वैलरी इंफ्ल्युएंसर हैं। इंस्टाग्राम पर इनकी प्रोफाइल काफी लोकप्रिय है और 110000 से अधिक फॉलोवर्स है।*





रानीवाला 1881 द्वारा बनाई गई बेहद सुंदर जड़ाऊ नैकलेस।

जस मेरे लिए सदा से विशेष रहा है। वर्ष 2018 मे मैंने अपना सोशल मीडिया हैंडल शुरू किया था, तब पहली बार जस कवर किया था। इस बार जस का कंसेप्ट "कनेक्ट टू सोर्स" बहुत महत्वपूर्ण था। आयोजक जड़ाऊ, गोल्ड व डायमंड ज्वैलरी उत्पादकों तथा जैमस्टोन कटर-पालिशर्स को बी 2 बी बिज़नेस के दृष्टिकोण से एक छत के नीचे लाने में कामयाब रहे। त्यौंहारी व शादी-विवाह सीजन से पूर्व यह शो रिटेलर्स के लिए सोर्स ऑफ़ इन्वेंटरी का सबसे उपयुक्त मंच साबित हुआ है।

जस आयोजन में सेक्शन प्लान बहुत व्यवस्थित रहा, जैसे जैमस्टोंस के लिए एक सेक्शन बनाया गया तो ब्राइडल ज्वैलरी के लिए अलग। इस तरह जिस बायर को जो खरीदना हो, वह संबंधित सेक्शन मे जाकर नेटवर्किंग कर सकता था। इस शो में बहुत कुछ नया देखने व जानने का मौका मिला। ज्वैलरी एमीनेंस अवार्ड तथा इंटरटेंमेंट इवनिंग आयोजन भी बहुत शानदार रहे।



जैम प्लाजा से एक अद्भुत बहुरंगी सैफायर हार, जो इन सुंदर रत्नों की सुंदरता को दर्शाता है।



जतिन जैम्स के यहाँ प्रदर्शित विक्टोरियन दौर की याद दिलाने वाला ब्रेसलेट, जिसमें जड़े हैं ओल्ड कट डायमंड, एमरल्ड्स तथा रूबीलाईट।



बर्मीज रूबी के कलेक्शन का अनूठा ले-आउट जो नजर आया पटनी जैम एंड ज्वैलरी के यहाँ।

## बायर्स के अनुसार

***संदीप खोसला***
*भारतीय फैशन डिज़ाइनर*
*मुंबई*



मैं जयपुर तीन दशक से आ रहा हूँ। जस के बारे में सुना था, यहाँ आकर देखा, तो सच में बहुत अच्छा लगा। शो में जैम्स एंड ज्वैलरी का बेहतरीन कलेशन देखने को मिला और अच्छे कारोबारी अवसर भी यहाँ देखने को मिल रहे हैं।

***जॉनथन बजालेल***
*सी.आई. बोगोटा एमरल्ड मार्ट एस.ए.एस.*
*कोलंबिया*



जयपुर मेरा पहली बार आना हुआ है। हम कोलंबियन एमरल्ड्स की रफ जयपुर बेचते-भेजते रहे हैं। इस शो में आना इसलिए फायदेमंद रहा, क्योंकि शो में नये-नये कारोबारियों से मिलने व नेटवर्किंग का मौका मिला।



## एग्जीबिटर्स कहते हैं





**अभिनव गोखरू**
जैमस्टिक
जयपुर व थाईलैंड

हम तंजेनाइट के उत्पादक व विक्रेता हैं। हम तंजानिया से रफ मंगवाते हैं और जयपुर में उसकी कटिंग-पालिशिंग होती है। हम सभी तरह के कट्स व कैलिब्रेशन मे विशेषज्ञ हैं। जैमस्टोन व्यवसाय के लिए जस का प्लेटफार्म बहुत बेहतरीन है। हमारा फोकस यहाँ सीरियस बायर्स से बात-चीत करने तथा अधिकतम बिज़नेस लेने पर रहा और हमे सफलता भी मिली।

**सलोनी पटनी**
कर्मा फाइन ज्वैलरी
जयपुर



हम जैमस्टोन फाईन ज्वैलरी बनाते हैं और इस शो में शिरकत कर बहुत अच्छा लगा। हमने क्वालिटी स्टोंस जैसे बर्मीज रूबी, कोलंबियन एमरल्ड्स और सैफायर से बनी फाईन ज्वैलरी का डिस्प्ले किया। शो में जेनुइन बायर्स आए व सीरियस पूछ-परख देखने को मिली। इस बी 2 बी शो में हमारा अनुभव काफी अच्छा रहा।



## बायर्स के अनुसार



***नीरज वर्मा***
*चंडीगढ़*

मैं यहाँ डायमंड पोल्की ज्वैलरी तथा जैमस्टोंस खरीदने आया हूँ। तीन बार पहले भी कारोबारी सिलसिले में आ चुका हूँ। मेरे लिए यहां कारोबार के अवसर भी अपेक्षा से बेहतर रहे है। जयपुर मुझे यहाँ की जैमस्टोन वैरायटी, शानदार खाना और आतिथ्य के लिए बहुत पसंद है।



***शालिनी लूनिया***
*मुंबई*

यहाँ मैंने नये व फैंसी कट्स वाले एमरल्ड्स देखे, जो पहले कभी नहीं देखे थे। इसके अलावा तंजेनाइट और अन्य जैमस्टोंस की बहुत सी वैरायटी भी पसंद आई। जयपुर में जो कटिंग-पालिशिंग करनेवाले कारीगर हैं, सच में बहुत ही अद्भुत काम करते हैं। हेक्सागन व ओक्टागन वाले नये कट्स वाकई में बहुत आकर्षक हैं।



## एग्जीबिटर्स कहते हैं





**नवनीत माहेश्वरी**
ग्रीन इंटरनेशनल
जयपुर



हम जांबियन एमरल्ड्स के थोक उत्पादक हैं तथा इस क्षेत्र में 45 वर्षों से सक्रिय हैं। एमरल्ड्स के फैंसी कट तथा कैब्स मे हम विशेषज्ञ हैं, हमारे यहाँ कैलिब्रेटेड, कार्व्ड तथा केबेचोंस की विस्तृत वैरायटी व कलेक्शन है। शो का बी 2 बी फारमेट बहुत अच्छा है और हमें यहाँ बहुत बेहतर रेस्पॉन्स मिला।



**नितिन रामभजो**
रामभजो ज्वैल्स
जयपुर

हमारी पहचान क्रिएटिविटी के लिए है और हर तरह की वैरायटी हमारे ज्वैलरी कलेक्शन में रहती हैं।
इस बार बी 2 बी शो का आयोजन जुलाई में हुआ, अब जल्द बी 2 सी का सीजन शुरू होने जा रहा है। इस तरह यह शो बी 2 सी सीजन के ठीक पहले हुआ है। देश के विभिन्न शहरों से आये प्रमुख बायर्स ने शो विजिट किया, हमने भी बायर्स की आवश्यकता अनुरूप अनेक डिजाइंस तय किए। इस शो में हमे तीनो दिन ही अच्छा रेस्पॉन्स मिला है।



## बायर्स के अनुसार

**अक्षय शैलेश शाह**
केरल



मैं इस शो में विगत 15 सालों से आ रहा हूँ। जस आयोजन समिति सदस्यों ने जो व्यवस्थाएं की हैं, सच में बेहतरीन हैं। एग्जीबिटर्स द्वारा किया गया डिस्प्ले भी नायाब है।



**आयुषी खंडेलवाल**
बैंकॉक

मैं बैंकॉक से एक ज्वैलरी डिजाइनर हूँ। शो में मुझे बेहतरीन क्वालिटी के एमरल्ड्स देखने को मिले। जस मे जो ज्वैलरी डिस्प्ले की गई है, उनमें अनेक ऐसी हैं जिन्हें देखकर मन ही नहीं भरता, बल्कि यह कहने का दिल करता है "वाह! क्या बनाया है?"। मैं अगले साल भी आने का प्लान कर रही हूं।



## एग्जीबिटर्स कहते हैं







**कुणाल मुकटलाल वर्मा**
एम एम के एंटरप्राइजेज
मुंबई

जस मे हमारी इस बार पहली भागीदारी थी। हम सॉलिटेयर ज्वैलरी तथा विंटेज रॉयल ज्वैलरी मे काम करते हैं। यहाँ किए डिस्प्ले का अनुभव बहुत शानदार रहा। कारोबारियों से अच्छी पूछ-परख मिली और नये कारोबारियों से मिलने का मौका मिला। डायमंड खरीदने का यह श्रेष्ठ समय है, इसलिए कि आगे इसकी मांग व कीमत दोनों बढ़ेगी।

**वत्सल मित्तल**
जी के चूड़ीवाला
जयपुर



अब आगे त्यौंहारी सीजन आने वाला है। उसके पहले रिटेलर्स इस तरह के शो में आकर खरीद-फरोख्त करते हैं। देश भर के प्रमुख रिटेलर्स इस शो में आये। उनसे बाजार मांग समझने का मौका मिलता है। अब बड़े ज्वैलरी पीस की मांग आने लगी है, जबकि पहले छोटे पीस की मांग रहती थी।





**सागर व प्रणिका**
डिवाइन लव
जयपुर

हम जैमस्टोंस के साथ पोल्की ज्वैलरी तथा डायमंड्स के उत्पादक हैं। हम हाई क्वालिटी पोल्की और सर्टिफाइड डायमंड्स का उपयोग ज्वैलरी बनाने में करते हैं। हमारा नाम स्मार्ट ज्वैलरी के लिए जाना जाता है और आधुनिक पीढ़ी की महिलाएं इस ज्वैलरी को बहुत पसंद करती हैं। हमारे यहाँ ज्वैलरी का जो कलेक्शन है, उसमें यूनिक स्मार्ट ज्वैलरी अधिक है खासकर कन्वर्टिबल चोकर सैट जो ग्राहक की आवश्यकता या पसंद के अनुसार डिजाइन किए जा सकते हैं।







**मंथन शाह**
श्रीराज ज्वैलरी
हैदराबाद

हम दो दशक से फाईन क्वालिटी कोलंबियन एमरल्ड्स, बर्मीज रूबी तथा अन्य प्रीसियस स्टोंस मे काम करते हैं। इसके अलावा जैमस्टोन स्टडेड फाईन ज्वैलरी भी बनाते हैं। जस-2023 मे हमने फाईन क्वालिटी कोलंबियन एमरल्ड्स तथा बर्मा रूबी में इनवेस्टमेंट ग्रेड स्टोंस का डिस्प्ले किया, जिसके लिए काफी बायर्स ने उत्सुकता दिखाई। ज्वैलरी उत्पादकों और जैमस्टोन कारोबारियों के लिए जस एक सार्थक मंच है।













जस-2024 का आयोजन जयपुर में 5-7 जुलाई, 2024 को होगा। इसके बारे में अधिक जानकारी www.jasjaipur.com पर देखी जा सकती है।

# जेसीके: ज्वैलरी शो में अद्वितीय प्रतिभा और विविधता का नज़ारा

जेसीके दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित और प्रतीकात्मक शो में से एक है। यह शो व्यापार और नेटवर्किंग के बड़े अवसर प्रदान करता है। चार दिन का यह आयोजन 'वेनिशियन एक्सपो' 2 से 5 जून तक लास वेगास (यूएसए) में आयोजित हुआ। इस इवेंट मे ज्वैलरी की शानदार डिज़ाइन्स और विविधता देखने को मिली।

लास वेगास में यह शो पिछले 30 सालों से लगातार आयोजित हो रहा है, जो न केवल एक अद्वितीय अनुभव का आभास कराता है साथ ही ज्वैलरी उद्योग के सभी प्रमुख श्रेणियों के लिए भी महत्वपूर्ण है। इस शो में उत्कृष्ट चयनित ज्वैलरी ब्रांड, विश्वभर के आपूर्तिकर्ता, कटिंग एज़ तकनीक, विश्व-स्तरीय शिक्षा, नेटवर्किंग के अवसर और शाम के मनोरंजन जैसी महत्वपूर्ण विशेषताएं थीं।

**इसलिए महत्वपूर्ण है**

जेसीके विश्वभर से आने वाली ज्वैलरी ब्रांड और व्यापारियों का असाधारण चयन प्रदान करता है। यह शो यहाँ आने वाले बायर्स को उनकी रुचियों और प्राथमिकताओं के लिए विभिन्न स्टाइल्स, ज्वैलरी डिज़ाइन्स और नवीनतम ट्रेंड्स का प्रदर्शन करता है।

**विश्व-स्तरीय शिक्षा**

जेसीके विभिन्न शिक्षा कार्यक्रमों और सेमिनारों का आयोजन करता है। यहां आगंतुकों को नवीनतम ट्रेंड, तकनीक और बाजार की अंतर्दृष्टि के बारे में जानने का मौका मिलता है, जो उनके ज्ञान और मान्यता को बढ़ाता है।

**सोच की महानता**

शो व्यापारियों के लिए अपनी विशेषज्ञता और दृष्टिकोण को सांझा करने का एक मंच के रूप में काम करता है। की-नोट स्पीच, पैनल चर्चाएं और प्रस्तुतियाँ ज्वैलरी व्यापार और बाजार के भविष्य के बारे में मूल्यवान दर्शन प्रदान करती हैं।

**नेटवर्किंग के अवसर**

जेसीके मैन्यूफैक्च्युरर्स, डिजाइनर्स और व्यापारियों को एकत्रित करके पर्याप्त नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करता है। व्यापारिक संबंध बनाना, साझेदारी करना और व्यापारिक नेटवर्क का विस्तार करना इस शो में शामिल होने के मुख्य लाभ हैं।
यह ज्वैलरी व्यापारियों की विविध आवश्यकताओं और रुचियों को पूरा करने वाला एक समग्र मंच है।

**शाम का मनोरंजन**

व्यापारिक गतिविधियों के साथ-साथ यह शो शाम का मनोरंजन भी प्रदान करता है, जो इवेंट में उत्साह और आनंद का संचार करता है। सामाजिक आयोजन, पार्टी और विशेष प्रदर्शन जीवंत और मनोहारी माहौल बनाते हैं।

ब्लू सैफायर और डायमंड्स से सजी 18k व्हाइट गोल्ड रिंग @ gyanjaipur.com



मेडीरा सिट्रीन, लंदन ब्लू टोपाज़, और डायमंड्स से सजी 14k पीले सोने के कान की बालियाँ @ ralf-mezger.com/en





1.27 कैरेट एक्वामरीन और 0.1 कैरेट टी.डब्ल्यू. डायमंड्स से सजा14k सोने का हार @ justjules.com



4.47 कैरेट स्काई ब्लू टोपाज़, 1.96 कैरेट टी.डब्ल्यू. लंदन ब्लू टोपाज़, और 0.17 कैरेट टी.डब्ल्यू. डायमंड्स से सजी 18k पीले सोने की अंगूठी @ dovesjewelry.com

# ब्लॉगर के नज़रिए से...



@tarapearls



**जेसीके शो के ट्रेंड्स को देखते हुए, रेणु चौधरी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर वहां से कुछ नयाब तस्वीरें शेयर की हैं।**

*द डायमंड टॉक, रेणु चौधरी का एक बहुत प्रसिद्ध इंस्टाग्राम प्रोफ़ाइल है, इंस्टाग्राम पर 110k से अधिक फॉलोअर्स के साथ, रेणु ज्वैलरी और रत्नों के मामले में एक प्रसिद्ध डिजिटल क्रिएटर और सलाहकार हैं।*



@piranesi_official



@agta_gems



@house_of_umrao



@lydiacourteille



@goko_usa Goko

जयपुर में एस्ट्रोलॉजिकल जैमस्टोंस के व्यवसाय में एक जाना-माना नाम है बिहारीलाल होलाराम का। वर्ष 1941 में होलाराम लक्खी ने इस प्रतिष्ठान को प्रारंभ किया था, अब चौथी पीढ़ी इस का संचालन कर रही है। 82 सालों से जयपुर के जैमस्टोन बिज़नेस में इस प्रतिष्ठान ने अपनी ख्याति एस्ट्रोलॉजिकल जैमस्टोंस के क्षेत्र में पाई है और बड़ी बात यह कि पीढ़ी दर पीढ़ी इस कारोबारी परंपरा का बहुत सम्मान के साथ निर्वहन कर रहे हैं।





**नरेन्द्र लक्खी**
पार्टनर

# राशि रत्न में विश्वसनीय नाम
# बिहारीलाल होलाराम



इस लेख में हम एस्ट्रोलॉजिकल जेमस्टोंस के बारे में चर्चा करने के लिए बिहारीलाल होलाराम कंपनी के साझेदार नरेन्द्र लक्खी के साथ मिलकर इस चर्चा को आगे बढ़ाएंगे.

## जैमस्टोंस की वैरायटी रेंज

नरेन्द्र लक्खी बताते हैं कि हम सभी तरह के प्रीसियस जैमस्टोंस मे काम करते हैं, जैसे सैफायर, रूबी, एमरल्ड्स आदि। हम बहुत सावधानीपूर्वक इन जैमस्टोंस का चयन करते हैं और यह हमारी पहचान है कि क्वालिटी प्रोडक्ट ही हमारे स्टॉक मे मिलता है। यही वजह है कि थोक विक्रेता तथा आभूषण निर्माताओं के लिए हम पहली पसंद है। जयपुर ही नहीं देश-विदेश के रत्न-आभूषण कारोबारी हम पर भरोसा करते हैं और यह भरोसा ही है, जिसके कारण प्रतिस्पर्धा के इस बाजार में आठ दशक



से अधिक समय से हम बने रहे और बढ़ते रहे। रफ से रत्न को परफेक्ट बनाने की जो प्रक्रिया है, उसमें महत्वपूर्ण होती है कारीगरी। हमारा फोकस इस बात पर होता है कि जो रत्न कटिंग-पालिशिंग के जरिए परफेक्ट किया जा रहा है, वह सही मायने में ग्राहक की उम्मीद के अनुरूप हो। यह अनुरूपता बनाना ही हमारी खासियत है और हमें खुशी है कि इसके बूते थोक-रिटेलर तथा



अंतिम उपभोक्ता तक हमारे द्वारा तैयार परफेक्ट जैमस्टोन पहुंच रहा है और वह इसे खरीदकर खुश है।

### एस्ट्रोलॉजिकल जैमस्टोन

सामान्यतः आभूषण बनाने के लिए जो रत्न तैयार किए जाते हैं उनमें तथा एस्ट्रोलॉजिकल जैमस्टोन में उपयोगिता के दृष्टिकोण वाला अंतर होता है। ज्योतिषीय मकसद से जब कोई जैमस्टोन खरीदने आता है, तो उसकी सोच रहती है कि ऐसा जैमस्टोन लें जो असरकारक हो। इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए ऑथेंटिक जैमस्टोन महत्वपूर्ण होता है। हम खदानों से रियल जैमस्टोंस की रफ मंगवाते हैं, उसे कटिंग-पालिशिंग के जरिए शेप-शाईन देते हैं, साथ ही यह कोशिश रहती है कि जैमस्टोन की मौलिकता बनी रहे ताकि वह अपने मूल-स्वरूप में धारण करने वाले को अपेक्षा के अनुरूप नतीजा दे सके। हमें बताते हुए फख्र है कि हमारे यहां से बेचे गए जैमस्टोंस को लेकर कोई शिकायत नहीं आई कि ज्योतिषीय हिसाब से जैमस्टोन ने असर नहीं दिखाया। यही हमारी परंपरा को गतिशील करता है।



### राशि रत्न

राशि-रत्नों की मांग केवल भारत में ही नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी है। हमारे यहाँ ज्योतिषी तीन आधार पर रत्नों की सिफारिश करते हैं। पहला, जन्म-राशि या जन्म लग्न के अनुसार, दूसरा जन्मपत्रिका मे मौजूद ग्रह स्थिति के अनुसार और तीसरा समय विशेष मे चल रही ग्रह स्थिति अर्थात् गोचर के अनुसार। हमारे यहाँ चंद्रमा अर्थात् लग्न/राशि आधारित ज्योतिषीय आंकलन होता है, वही विदेशों में यह सूर्य पर आधारित होता है। परन्तु महत्वपूर्ण यह है कि प्रतिवर्ष करोड़ों की तादाद में राशि रत्नों की बिक्री होती है और यह व्यवसाय सतत् बढ़ रहा है।

**रत्न न केवल सजावट या निवेश के लिए होते हैं, बल्कि अधिकांश लोग उन्हें ज्योतिषीय उद्देश्यों के लिए भी धारण करते हैं।**

**- नरेन्द्र लक्खी**

### अन्य जैमस्टोंस

प्रीसियस जैमस्टोंस के अलावा सामान्य श्रेणी के रत्न भी बाजार में उपलब्ध हैं, इनमें मोती, ब्लू सैफायर, यलो सैफायर, हैसोनाईट गारनेट, कैट्स आई क्राईसोबेरिल आदि नाम उल्लेखनीय हैं। ये रत्न भी ज्योतिषीय हिसाब से काम करते हैं, जैसे किसी व्यक्ति के मन में असंतोष, उग्रता, विचलन आदि रहता है तो उसे संतुलित करने के लिए चांदी मे मोती धारण करने के लिए ज्योतिषी सलाह देते हैं। यह तो ज्योतिषीय बात हुई, बाकी हम इन सभी जैमस्टोंस की बड़ी वैरायटी रखते हैं ताकि बाजार मांग के अनुसार पूर्ति कर सकें।

### फैशन

कहा जाता है कि एस्ट्रोलॉजिकल जैमस्टोंस पहनने का फैशन या चलन है, यह बात सही भी है। टीवी चैनलों पर ज्योतिषीय चर्चा सुनकर या अखबार पत्रिकाओं व सोशल मीडिया में देख-पढ़कर हजारों लोग विभिन्न धातुओं मे जैमस्टोंस पहनने लगे हैं। इस फैशन या चलन ने जैमस्टोन कारोबार को बढ़ावा दिया है, यह बात सच है।









# थेवा कला

## राजस्थान की आभूषण बनाने की अद्वितीय एवं जटिल प्रक्रिया

### क्या आप उत्तम और अद्वितीय गहनों के प्रशंसक हैं?

यदि आपका उत्तर 'हाँ' हैं तो आपने राजस्थान की आभूषण बनाने की प्रसिद्ध 'थेवा कला' के बारे में तो सुना ही होगा, जिसने दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल की है। थेवा ज्वैलरी 23 कैरट गोल्ड और मल्टीकलर ग्लास का फ्यूजन है, जो जटिल डिजाइन और शिल्पकौशल से बनती है। थेवा की कला लगभग 400 साल पहले राजपूत युग की है। दिलचस्प बात यह है कि थेवा ज्वैलेरी एकमात्र ऐसी ज्वैलरी है जिसमें 23 कैरट शुद्धता वाले सोने का इस्तेमाल होता है।

थेवा के गहने बनाने की प्रक्रिया में पिघले हुए कांच पर सोने की पतली शीट जिस पर जटिलता से काम किया जाता है को फ्यूज करना शामिल है। इस नाजुक प्रक्रिया का एक टुकड़ा बनाने में एक महीने तक का समय लगता है। थेवा आभूषण तैयार करना एक श्रमसाध्य प्रक्रिया है जिसके लिए अत्यधिक अनुभवी कारीगर के कौशल की आवश्यकता होती है। इसकी प्रक्रिया कांच की सतह पर एक डिजाइन बनाने के साथ शुरू होती है, इसके बाद सोने की पत्ती की परत लगाई जाती है। इसके बाद जटिल डिजाइन बनाने के लिए इसे हाथ से तराशा जाता है। इसके बाद सोने की परत को चांदी के फ्रेम पर लगाया जाता है, जिस पर हाथ से नक्काशी की गई होती है। अंतिम उत्पाद एक शानदार आभूषण है जो टिकाऊ और सुंदर दोनों है।

यह कला राज-सोनी परिवार के भीतर पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित की जाती है, यही इसकी विशिष्टता को बढ़ाता है। डिजाइन में आमतौर पर हिंदू पौराणिक कथाओं, मुगल दरबार के दृश्यों, ऐतिहासिक घटनाओं,वनस्पतियों और जीवों पर आधारित रूपांकनों के साथ पुष्प पैटर्न होते हैं। थेवा के विस्तृत डिजाइन और लघु कलाकृति ने इसे प्रदर्शन के उदाहरणों के साथ अन्तराष्ट्रीय संग्रहालयों में जगह दी है।

राजस्थानी थेवा गहने अपने जटिल डिजाइन और पैटर्न के लिए जाने जाते हैं। गहनों में मोर, हाथी, फूल और ज्यामितीय आकृतियों सहित कई तरह के रूपांकनों की विशेषता है। ये रूपांकन अक्सर प्रकृति, पौराणिक कथाओं और दैनिक

जीवन से प्रेरित होते हैं। थेवा गहनों में सबसे लोकप्रिय मोटिफ मोर है। मोर सुंदरता, अनुग्रह और रॉयल्टी का प्रतीक है और इसे अक्सर रंगों की जीवंत श्रेणी में दर्शाया जाता है। अन्य लोकप्रिय रूपों में हाथी, जो ताकत और शक्ति का प्रतीक है, और फूल शामिल हैं, जो सौंदर्य और स्त्रीत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं।

थेवा आभूषण अक्सर हीरे, माणिक, पन्ने और नीलम जैसे कीमती और अर्ध-कीमती पत्थरों से सुशोभित होते हैं। कांच और सोने के रंगों और डिजाइनों के पूरक बनाने के लिए इन पत्थरों को सावधानी से चुना जाता है। थेवा ज्वैलरी को स्टेटमेंट पीस के रूप में पहना जा सकता है या अधिक सूक्ष्म रूप के लिए अन्य गहनों के साथ जोड़ा जा सकता है।



थेवा ज्वैलरी अपनी गहनता और विनम्रता के लिए प्रसिद्ध है, जो इसे उपहारों के लिए या उन लोगों के लिए एक लोकप्रिय विकल्प बनाता है जो अपने गहनों के साथ एक स्टेटमेंट बनाना चाहते हैं। यह आश्चर्य की बात नहीं है कि इसके कुछ शिल्पकारों को कला जगत में उनके योगदान के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। थेवा ज्वैलरी में विशेष चमकदार ग्लास का उपयोग डिजाइन और शिल्प कौशल पर प्रकाश डालता है, जिससे यह अन्य प्रकार के गहनों से अलग दिखता है।

अंत में यह कहा जा सकता हैं कि थेवा ज्वैलरी सोने और कांच का एक अनूठा मिश्रण है जो कला का एक उत्कृष्ट नमूना बनाता है। इसका जटिल डिजाइन और नाजुक प्रक्रिया इसे गहने बनाने की दुनिया में सबसे अलग बनाती है। अपने समृद्ध इतिहास, विस्तृत डिजाइन और लघु कलाकृति के कारण थेवा की लोकप्रियता विश्व स्तर पर बढ़ी है।

**तो क्यों न आप अपने कलेक्शन में थेवा ज्वैलरी का एक पीस शामिल करें और एक इतिहास रचें...**

**विनीता मालवीय**
थेवा आभूषण डिजाइनर,
प्रोप्राइटर **'सोनकाँच'**









# डिजाइन और रेंज के लिए विख्यात है राठौड़ ज्वैलर्स

**संजय राठौड़ पुणे की राठौड़ ज्वैलरी मे साझेदार हैं। इस फर्म का जवाहरात व्यवसाय में एक बड़ा नाम है। पांच दशकों से अधिक सफलतापूर्वक चलता आ रहा यह संस्थान डायमंड, पोल्की और गोल्ड ज्वैलरी में विशेषज्ञ है और पुणे में इनके अनेक स्टोर्स हैं।**

**आईये हम संजय से इनकी सफलता के बारे में थोड़ा और जानते हैं...**



**संजय राठौड़**
पार्टनर
राठौड़ ज्वैलरी, पुणे

## राठौड़ ज्वैलरी की स्थापना और पहचान

राठौड़ ज्वैलरी को 1972 में मेरे पिताजी, पुखराज राठौड़ ने स्थापित किया था, जो ज्वैलरी-निर्माण की कला के प्रति गहरी रुचि रखते थे। उनके दृष्टिकोणी संचालन के तहत, व्यापार फलवर्ती हुआ और इसे अद्वितीय गुणवत्ता, निर्देशित डिज़ाइन और व्यक्तिगत ग्राहक सेवा के लिए प्रसिद्धि प्राप्त हुई।

आज, साझेदार के रूप में मैं अपने पिताजी द्वारा सौंपी गई विरासत और मूल्यों को तदानुसार रखने का प्रयास करता हूँ।

हमारी कुशल कारीगरों और समर्पित कर्मचारियों की टीम हर ग्राहक को एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करने का प्रयास करती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उनके सपने और इच्छाएं महानतम रचनात्मक ज्वैलरी के रूप में रूपांतरित हो, जो आने वाली पीढ़ियों तक प्यार से याद की जाएं।

हालांकि हमारे यहां अनेक प्रकार के डिजाइन वाली ज्वैलरी का बड़ा संग्रह है और हम आर्डर पर भी ग्राहक की पसंद के अनुसार ज्वैलरी बनाते हैं, लेकिन हमारी पहचान आईकॉनिक जड़ाऊ कलेक्शन और गोल्ड एंटिक फ्यूज़न कलेक्शन से जुड़ी हुई है।

## आधुनिक ट्रेंड

आज कल हल्की ज्वैलरी में चैन और स्टेकेबल ब्रेसलेट को अधिक पसंद किया जाता है।

इस समय कम वजन वाली हल्की ज्वैलरी की लोकप्रियता अधिक है और इसी तरह का ट्रेंड आगे भी नजर आ रहा है, जिसमें पतली चेन, स्टेकेबल ब्रेसलेट शामिल हैं, यह ट्रेंड हाल ही में उभरा है और महत्वपूर्ण रूप से प्रचलित भी है।

इसके साथ ही, युवा वर्ग के बीच भारी जड़ाऊ और पोलकी आभूषण भी लोकप्रिय है।

## जयपुर से जुड़ाव व अनुभव

जयपुर की खास बात यह है कि इसका सतत् जुड़ाव ज्वैलरी व जैमस्टोंस से है।



बाएं से दाएं, संजय राठौड़, नरेश राठौड़, मनोज राठौड़

यह शहर एक लंबे समय से चलने वाली परंपरा का धारक है और आभूषणों के निर्माण और व्यापार का केंद्र रहा है। देश के किसी भी हिस्से में कोई जेवरात विक्रेता हो, उसके यहां ब्राइडल ज्वैलरी मे जयपुर की जड़ाऊ व पोल्की का स्टाक रहता ही है। जयपुर में कुंदन, मीना, पोल्की और जड़ाऊ आभूषणों में आज भी प्राचीन, परंपरागत और अत्यंत सुंदर रूप से की गई प्रशिक्षित कारीगरी इसे विश्व-विख्यात बनाती है।

## सोशल मीडिया से प्रमोशन

इन दिनों हर कोई सोशल मीडिया से कनेक्टेड है। ब्रांड प्रमोशन के लिए इंस्टाग्राम महत्वपूर्ण माध्यम हो गया है। इसके जरिए हमें अपनी प्रोडक्ट रेंज डिस्प्ले करने तथा अपने टारगेट आडियंस से कनेक्ट रहने का मौका मिलता है। हमें भी अपने ब्रांड की पहचान इसके जरिये काफी मिली है।

## आगे की योजना

हम विभिन्न शहरों में अपनी मौजूदगी को विस्तारित करने की योजना बना रहे हैं। हम विकास के लिए व्यापक अवसरों की जांच कर रहे हैं। हम नए ग्राहकों तक पहुंचने और टियर 2 शहरों में अपनी मौजूदगी स्थापित करने की योजना बना रहे हैं।



# दुर्लभ और मूल्यवान रत्नों की खोज और वैदिक ज्योतिष के साथ उनका संबंध





अंशुल अग्रवाल एम के ज्वैलर्स की प्रोडक्ट रेंज "जीवन रत्ना" से हैं, वे यहाँ जैमस्टोंस के सही ज्योतिषीय उपयोग व महत्व के बारे मे अपनी अंतर्दृष्टि से अवगत करा रहे हैं।

रत्नों को उनके अनूठे रंग, विशेषताओं और उत्पत्ति के कारण दुर्लभ और मूल्यवान माना जाता है। किसी भी रत्न का मूल्य उसकी गुणवत्ता से निर्धारित होता है, जैसे उसके अनूठे रंग, स्पष्टता, कट और कैरेट वजन। उच्च गुणवत्ता वाला रत्न अपने उच्च रंग और स्पष्टता से कम गुणवत्ता वाले रत्न की तुलना में अधिक मूल्यवान होते हैं।

रत्न अपने ऐतिहासिक महत्वपूर्ण अवयव जैसे – दुर्लभता, मूल्य, सांस्कृतिक महत्व, संग्रहकर्ताओं और निवेशकों के बीच उनकी मांग के कारण पहचाने जाते हैं। रत्न जैसे दुर्लभ लाल हीरे, कश्मीर के नीलम, कोलम्बियन पन्ने और बर्मा के माणिक को अधिक मूल्यवान माना जाता है। लेकिन इतना ही नहीं - रत्नों का बनना एक सतत् प्रक्रिया है जो पृथ्वी के गर्भ में मीलों नीचे या चट्टानों में बनते हैं। इन्हें खोजना बहुत दुर्लभ है, पर इनकी सकारात्मक ऊर्जा के साथ इन्हें इस रूप में बाहर लाने में हज़ारों सालों से सतत् प्रयास किया जा रहा है।

रत्नों का निर्माण ग्रहों की ऊर्जा का उपयोग करने और इस ऊर्जा से समाधान के रूप में आवश्यक संतुलन और परिवर्तन करने के लिए होता है। रत्न व्यक्ति की मदद शुभ स्थिति वाले ग्रहों से लाभ लेने में करते हैं। यद्पि प्रत्येक रत्न का हर एक हिस्सा अद्वितीय होता है, उनमे एक असाधारण कंपन्न होता है जिससे वह विशिष्ट ग्रहों के प्रभावों का नेतृत्व करता है। प्रत्येक ग्रह से संबंधित एक अनूठा रत्न होता है। उदाहरण के लिए पन्ना बुधग्रह के लिए, नीलम शनि के लिए, तो पुखराज बृहस्पति के लिए और माणिक सूर्य को मजबूत करता है।

## रत्न का वैदिक ज्योतिष से संबंध

पवित्र अनुष्ठानों में रत्नों का उपयोग रिश्तों में प्यार और सुरक्षा को बढ़ावा देने और साथ ही व्यक्ति के ऊर्जा क्षेत्रों के मध्य सामंजस्य रखने के कारण वैदिक ज्योतिष का रत्नों के साथ बहुत मजबूत संबंध रहा है। वैदिक ज्योतिष ने रत्नों की खोज का खुलासा करते हुए बताया कि रत्न वास्तव में सहायक होते हैं और



उपचार क्षमता रखते हैं। वे हमारी त्वचा से सीधे संपर्क में और उचित वजन के साथ पहने जाते हैं।

जैसा कि हम जानते हैं कि सौरमंडल के आकाशीय पिंड और मानव शरीर घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं। ग्रहों की गति का हम पर निरंतर प्रभाव पड़ता है। रत्न धारण करने से हमारे जीवन व्यवहार में संतुलन और सुधार होता है। यह भी माना जाता है कि पिछले समय में लिए गए गलत निर्णय को ज्योतिष और रत्नों की सहायता से वर्तमान में भी ठीक किया जा सकता है।

जन्म के समय ज्योतिषीय कुंडली का उपयोग ग्रहों की स्थिति की गणना और मानचित्रण के लिए किया जाता है किसी भी कुंडली में नौ रत्न (नवरत्न) होते हैं जो नौ ग्रहों से जुड़े हुए हैं, प्रत्येक ग्रह एक रत्न से जुड़ा होता है। संतुलन बनाए रखने के लिए रत्न धारण करना अति आवश्यक है क्योंकि उनके कंपन्न से उत्पन्न ऊर्जा को मानव शरीर के पांच प्राथमिक तत्वों का विकल्प कहा जाता है (वायु, जल, अग्नि, पृथ्वी और आकाश)। एक भी असंतुलन दोषों का कारण बन सकता है (वात, पित्त, और कफ), जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को खराब कर सकता है। रत्न जो सकारात्मक ऊर्जा रिलीज करता है, वह विपरीत ग्रहों के खिंचाव को संतुलित करता है। दूसरी ओर, व्यक्ति को यह भी जानना चाहिए कि रत्न धारण करने की विधि क्या है, रत्न किस उंगली में धारण करना चाहिए और रत्न का उचित वजन क्या होना चाहिए?

**उपयुक्त रत्न का चुनाव:** यह एक मुख्य बात है जो एक विशेषज्ञ ज्योतिष बता सकता है, कुंडली का पूरी तरह से निरीक्षण करके एक सही पत्थर का




सुझाव देना। ज्यादातर लोग रत्न खरीदते हैं और उन्हें डायरेक्ट पहनना शुरूकर देते हैं, जो उचित नहीं है। लगभग 80% लोग गलत तरीके से रत्न धारण करते हैं। रत्न धारण करने से पहले इसे आजमाना चाहिए, क्योकि यह आपकी कुंडली के लिए एक उपयोगी पत्थर साबित हो सकता है।

**रत्न धारण करने की विधि:** ऐसा माना जाता है कि रत्न को अपने तकिये के नीचे रखना या अंगूठी में पहनना चाहिए, जिससे वह आसानी से शरीर से जुड़ जाए। एक सफल परीक्षण के बाद अंगूठी/ पेंडेंट को इस तरह से पहनना चाहिए कि पत्थर का आधार अंदर रहे और त्वचा से स्पर्श करें। रात को पहले अंगूठी/पेंडेंट को पंचामृत (कच्चा दूध, गंगा जल, शहद, दही और शक्कर) से धो लें, फिर सूर्योदय के एक घंटे के भीतर अंगूठी/पेंडेंट को पहन लें। आमतौर पर 4-8 कैरेट वजन का रत्न मुख्यतः इसलिए पहना जाता है क्योंकि 4 कैरेट से कम का रत्न त्वचा को जोड़ने के लिए छोटा होता है, और 8 कैरेट से अधिक का रत्न संभालने के लिए बहुत बड़ा हो सकता है।

अंत में, यह सोचना कोई नया विचार नहीं है कि ग्रह और ऊर्जा रत्नों से कैसे संबंधित हैं? रत्न असाधारण होने के नाते रहस्यमय गुणों से परिपूर्ण हैं। प्रत्येक पत्थर के अपने विशेष गुण होते हैं, जिनमें से कुछ ओवरलेप हो सकते हैं। भारत की प्राचीन वैदिक प्रणाली यह दावा करती है कि रत्नों, राशियों और ग्रहों के बीच एक घनिष्ठ संबंध है, रत्नों के उपयोग से ज्योतिष की उत्पत्ति हुई है। प्रत्येक ग्रह को एक प्रधान रत्न या कभी-कभी एक सहायक रत्न के साथ जोड़ा जाता है। रत्न मुख्य रूप से विशेष ऊर्जाओं को बढ़ाने, संतुलित करने और पुनः निर्देशित करने का काम करते हैं। रत्नो में कठोरता, रंग, खनिज परिवार, क्रिस्टल प्रणाली, रासायनिक तत्व और समावेशन आदि कुछ तत्वों को ध्यान में रखा जाता है क्योंकि उनमें से प्रत्येक के विभिन्न प्रभाव होते हैं।





# एमेथिस्ट (कटहला)

यूं तो एमेथिस्ट को फरवरी माह का जैमस्टोन कहा जाता है, लेकिन यह रहस्यमयी शक्तियां देने वाला रत्न है जो इसे धारण करता है उसे तन और मन की शक्ति मिलती है और साथ में बुद्धिमत्ता भी। फरवरी माह में जन्मा जातक इसे यदि धारण करता है, तो उसका आत्मबल मजबूत होता है और व्यक्तिगत क्षमता भी बढ़ती है।

यह हल्के-गहरे बैंगनी रंग का जैमस्टोन है। हिंदी में एमेथिस्ट को 'कटहला' बोलते हैं और यह शब्द ग्रीक भाषा के शब्द एमेथिस्टोस से लिया गया है, जिसका अर्थ है नशे का इलाज करने वाला। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि इसका रंग कदाचित वाईन से मिलता है, अतः ग्रीक की आस्था व मान्यताओं में इसे ईश्वर को समर्पित वाईन से भी सम्बंधित बताया गया है।

एमेथिस्ट वस्तुतः क्वार्ट्ज वैरायटी वाला सेमी प्रीशियस स्टोन है। फैशन ज्वैलरी के साथ, डिजाइनर पीस बनाने में एमेथिस्ट काफ़ी लोकप्रिय है। बैंगनी बेस कलर्स मे इसके कई तरह के शेड्स होते हैं। जिस एमेथिस्ट मे गहरी लालिमा लिए बैंगनी कलर होता है, वह सबसे बेहतर श्रेणी या क्वालिटी का होता है। जिस एमेथिस्ट के बैंगनी कलर मे भूरा (ब्राउन शेड) नजर आए, वह अधिक पसंद नहीं किया जाता। एमेथिस्ट मे रंग की दृश्यता महत्वपूर्ण होती है। पारदर्शी एमेथिस्ट अधिक पसंद किया जाता है। एमेथिस्ट कठोर प्रकृति का रत्न है, अतः इसकी कटिंग भी टफ होती है। यह ऐसा रत्न है, जिसे कटिंग के जरिए ही कीमती बनाया जा सकता है। इसके ऊपरी हिस्से की बेहतरीन कटिंग गहराई तक इसे सुंदर बना देती है। एमेथिस्ट की चमक मे वक्त के साथ कमी आती है, अतः सामान्य गुणवत्ता के एमेथिस्ट मे कुछ वर्ष बाद पॉलिश की जरूरत महसूस होने लगती है। इसे लगातार पहना जाता है, तो स्क्रेच भी आने लगते हैं। चूंकि एमेथिस्ट काफ़ी बड़े साइज़ में आसानी से मिल जाता है, अतः पेंडेंट-ब्रेसलेट आदि में इसका बहुतायत में उपयोग होता है।

शुरुआत में इसका उत्पादन रूस में होता था, पर पिछली शताब्दी के दौरान यह ब्राजील में भी खोज लिया गया, जहां से इसका भरपूर मात्रा में खनन हो रहा है। इसके भंडार अफ्रीका और दक्षिणी अमेरिका में भी बहुतायत में हैं। उरुग्वे, मैडागास्कर और एरिजोना (अमेरिका) मे भी इसकी खदानें हैं। एक महत्वपूर्ण खदान अनाही माइंस के नाम से बोलीविया मे भी है।

साथ वाले पृष्ठ पर पोस्टर और डिस्क्रिप्शन के जरिए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है, जिसे सुलभ कराने में दो दिग्गजों का बड़ा योगदान रहा है।



